**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 05.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज गोवा में प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में 25 फसलों की 184 नई किस्में जारी कीं।
- प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि बाईस जनवरी निर्धारित की गई हैं।
- खेल और युवा मामले निदेशालय, की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय चयन परीक्षण स्थगित–अब सात और आठ जनवरी को चयन परीक्षण होगा।

<><><><><><><><><><>

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज गोवा में प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे। यह तटरक्षक बल का स्वदेश में निर्मित पहला पोत है। लगभग 115 मीटर लंबे इस पोत का साठ प्रतिशत से अधिक हिस्सा स्वदेशी उपकरणों से बना है। चार हजार दो सौ टन के इस पोत की गति 22 समुद्री मील प्रति घंटे से भी अधिक है और यह एक बार में 6000 समुद्री मील की दूरी तय कर सकता है। यह पोत समुद्री प्रदूषण नियंत्रण तथा तलाश एवं बचाव कार्यों में मदद करेगा और देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र की रक्षा सुनिश्चित करेगा। पिछले वर्ष दिसम्बर में इसे औपचारिक रूप से तटरक्षक बल को सौंपा गया था। समुद्र प्रताप के शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की संचालनगत क्षमता बढ़ेगी तथा समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण सरंक्षण और घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><><><><>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2025 में भारत का चावल उत्पादन डेढ सौ मिलियन टन से अधिक रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की विकसित बेहतर गुणवत्ता वाली 25 फसलों की 184 नई किस्मों के उद्‌घाटन अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि भारत ने चावल उत्पादन के मामले में चीन को पीछे छोड़ पहले नम्बर पर पहुंच गया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्ष में, बीजों की तीन हजार दो सौ से अधिक किस्में विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, विभिन्न योजनाओं का लाभ तीन वर्ष के भीतर देशभर के किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने पर कार्य कर रही है ।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले फसल नुकसान के खिलाफ किसानों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए 2016 से द्वीप समूह में लागू की गई है। रबी 2025–26 सीजन के लिए पूरे द्वीप समूह में PMFBY को लागू करने के लिए अधिसूचित किया गया है। कार्यान्वयन के लिए एक क्लस्टर बनाया गया है जिसमें दक्षिण अंडमान, मध्योत्तर अंडमान, और निकोबार में केवल कैंपबेल बे क्षेत्र शामिल हैं, जिसमें सभी अधिसूचित फसलों के लिए 80 प्रतिशत क्षतिपूर्ति स्तर निर्धारित किया गया है। वित्त का पैमाना और बीमा राशि रबी 2025–26 सीजन के लिए, PMFBY के तहत दलहन के लिए वित्त का पैमाना 59,433 रूपये प्रति हेक्टेयर तय किया गया है। सब्जी फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर दरें भी निर्धारित की गई है। किसानों को बड़ी राहत देते हुए, रबी 2025–26 के दौरान 100 प्रतिशत प्रीमियम सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले सभी किसान, जिनमें बटाईदार और किरायेदार किसान भी शामिल हैं, पात्र हैं। नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह जनवरी है। किसान बैंकों के माध्यम से या राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल डिजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण पेश किया है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय होने में मदद मिली है। यह केवल निगरानी नहीं बल्कि प्रशासनिक सुधारों का भी माध्यम साबित हुआ है।

<><><><><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि तेईस दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां दर्ज करने में मतदाताओं के सुविधा के लिए दस और ग्यारह जनवरी को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। दावे और आपत्तियां बाईस जनवरी तक दर्ज किए जा सकते हैं। इन दिनों बूथ स्तर के अधिकारी अपने–अपने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे। इन शिविरों के दौरान नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित कर सकते हैं। इसके अलावा अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु के सभी भावी मतदाता या वे मतदाता, जिनके नाम सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म–छः और घोषणा पत्र भरकर आवेदन कर सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म–सात और सूची में सुधार या स्थानांतरण के लिए फॉर्म–आठ का उपयोग कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट ceoandaman.nic.in और चुनाव आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी सहायता के लिए मतदाता अपने संबंधित BLO से संपर्क कर सकते हैं या मतदाता हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य पर कॉल कर सकते हैं। सभी आवश्यक फॉर्म BLO के पास उपलब्ध हैं।

<><><><><><><><><><>

खेल और युवा मामले निदेशालय, की ओर से जनजातीय युवाओं के लिए प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेल में भाग लेने हेतु राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाला ये खेल जनजातीय युवाओं को अपना कौशल दिखाने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने का एक मंच प्रदान करता है। इसके लिए कल की निर्धारित चयन परीक्षण को स्थगित किया गया है। अब यह चयन परीक्षण सात और आठ जनवरी को आधुनिक खेल परिसर, लापाती, नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक जनजातीय युवा चयन परीक्षण में भाग लेने के लिए प्रशासन द्वारा जारी दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत दुगापुर–6 स्थित माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आयोजित इस मेले का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना था। मेले का उद्घाटन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैनपुर के प्रधानाचार्य के. दास ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका मनीषा देवी ने प्रारंभिक शिक्षा में गतिविधि आधारित शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में कुल 91 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेले के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया।

<><><><><><><><><><>

चिंते लॉन्ग रेंज में कल छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा। इस दौरान सभी संबंधितों से फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><><><>